मतदान उत्तम दान।

शिमला चण्डीगढ़ धर्मप्रान्त के सभी ख्रीस्तीय लोगों के लिए धर्माध्यक्ष का संदेश।

ख्रीस्त में प्यारे भाइयों और बहनों सबको जै येसु की।

हम सभी इस बात से अवगत हैं, कि यह समय हमारे देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण समय है, यह देश में चुनाव का समय है। हमारी मातृभूमि का महापर्व। इसलिए हम भी, शिमला चण्डीगढ़ धर्मप्रान्त के ख्रीस्तीय समुदाय (पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं चण्डीगढ़) अपने अपने प्रदेश में अलग-अलग दिनों में मतदान करेंगे, जैसे कि:

हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा,
पंजाब में 1 जून को मतदान होगा,
हिमाचल में 1 जून को मतदान होगा,
तथा चंडीगढ़ में भी 1 जून को वोट डाले जायेंगे।

आप लोग कृपया इस महत्वपूर्ण दिन को अपने मतदान बूथ पर जरूर जायें और बहुमूल्य वोट का उपयोग करें। ख्रीस्तीय होने के नाते, हम एक अच्छे नागरिक का दायित्व निभायें और अपने मत का सही उपयोग करते हुए एक अच्छे सरकार के गठन में हम सहभागी बने। मतदान करना हमारा मौलिक अधिकार है।

लेकिन मैं आपको याद दिलाना चाहता हूँ, कि मतदान करना हमारा सिर्फ मौलिक अधिकार ही नहीं है, बल्कि यह हमारा एक परम कर्तव्य भी है। इसलिए मैं आप सभी को आह्वान करता हूँ, कि आप सभी मतदान करें और यहि आप लोगों के लिए मेरा संदेश है।

हम सभी उत्तर भारत में बढ़ रहे असामान्य गर्मी से अवगत हैं। इसलिए इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए मैं आप लोगों को सुझाव देता हूँ, कि सुबह के समय जा कर मतदान करना अच्छा रहेगा।

दूसरा सुझाव मैं आप लोगों को देना चाहूंगा कि, आप लोग कृपया सोच-समझकर अपने मतदान का प्रयोग करें। मतदान के लिए जाने से पहले प्रार्थना करें, ताकि ईश्वर आपका मार्गदर्शन करे कि आप सही फैसला ले सकें और अपना वोट उस व्यक्ति को दे सकें जो हमारे देश को एक परिवार का स्वरुप देने कि भावना रखता हो, ताकि हम सभी ईश्वर की संतान के रुप में अपने देश में शांति, उन्नति तथा सद्भाव कायम रख सकें।

तीसरा सुझाव मैं आपको देना चाहूंगा, कि जब आप वोट करने जाये तो अपने अन्तरात्मा की सुने, ताकि आप एक ऐसे व्यक्ति को चुन सकें, जो ईमानदार हो, निस्वार्थ हो, जो एक कुशल एवं खुशहाल समाज की उन्नति का चिंतक हो, तथा गरीब, असहाय एवं हर वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य और उन्नति के प्रति कर्मनिष्ठ हो।

ख्रीस्त में मेरे प्यारे भाइयों और बहनों, यह मई का महीना है और मई का महीना माँ मरियम को समर्पित पवित्र रोज़री का महीना है। इसलिए, हम प्रत्येक दिन अपने पारिवारिक प्रार्थना में, माँ मरियम की मध्यस्थता से अपने देश के लिए प्रार्थना करें और विशेष रुप से देश का अच्छा नेतृत्व करने वाले व्यक्ति का चयन होने के लिए।

मैं चाहता हूँ, कि जब तक मतदान हो रहा है, उस दिन तक, प्रत्येक पल्ली में, माँ मरियम की नोवेना प्रार्थना बोली जाये। इस संदर्भ में, मैं हर एक पल्ली एवं संस्था को एक प्रार्थना भेज रहा हूँ जिसका उपयोग आप लोग कर सकते हैं।



प्रभु आप सभी को अपने अनुग्रह में बनाये रखे।

2024 के चुनाव के लिए प्रार्थना:

हे प्रभु ईश्वर, तू हमें स्वतंत्र करता तथा अपने प्रेम से भरता है,
तेरा प्रकाश हमें और हमारे देश को अनुग्रहीत करे
और हर प्रकार के अन्धकार तथा असत्य को दूर करे।

हमारे देश को समर्पित लोगों के सपनों को साकार होने दें
और हमारे संविधान के सिद्धांत: समानता, स्वतंत्रता, भ्रातृत्व को हमेशा प्राथमिकता मिले।

हर धर्म तथा जाति, वर्ग और समूह के लोग,
हिंसा और नफरत से बचकर, एकता और शांति में रह सकें।

हमारी संसद, विचार विमर्श का एक संसाधन बनी रहें।
हमारी न्यायपालिका को, सत्यनिष्ठा, विवेकशीलता, और न्याय का प्रतिबिम्ब बना।

हमारी मीडिया, सत्य प्रचालित का संसाधन बने,
और हमारे संस्थाओं को बुरे धारणाओं से बचाये रख।

हमारे देश के गरीबों को, आजीविका के साधन प्राप्त हो सके।
दलित, आदिवासी और निम्न वर्ग के लोगों को भी,
राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में सम्मिलित किया जा सके।

हमारे जीवन के हर क्षेत्र में, न्याय और एकता बनी रहे।
सच्चा लोकतंत्र, हमारे चुनावी लोकानीति को गरिमापूर्ण बनाये,
और सच्ची देशभक्ति की लौ, हमारे राजनीतिक नेताओं का आचरण बन जाये।

हे सर्वशक्तिमान पिता, अपने प्रिय पुत्र येसु मसीह के नाम पर,
अपने पवित्र आत्मा को भेज और हमारे देश को सुसमाचार के सिद्धांतों पर दृढ़ कर।

हे हमारी प्यारी माँ मरियम, जैसे तू फातिमा में दर्शन दी,
वैसे ही, चुनौतियों का सामना कर रहे, राष्ट्रों के आशा का केन्द्र बन जा,
और हमारे प्यारे देश के लिए प्रभु से विनती कर, आमीन।